GANGA NEWS EXPRESS

नरेंद्र नगर: ध्वजारोहण और पुष्पांजलि अर्पित कर महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई

October 2, 2023 Ganga News Express

MAHINDRA PRIDE CLASS ROOM
NAANDI FOUNDATION
Mahindra
Naandi
SOFT SKILLS DEVELOPMENT PROGRAM
निशुल्क - स्नातक/स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष की छात्राओं हेतु
SOFT SKILL DEVELOPMENT PROGRAM TRAINING
Time Management
Critical Thinking
Problem Solving
Project Presentation
Communication Skills
03 TO 09 October, 2023 FROM 11.00 AM ONWARDS
Career Counselling Cell
Narendra Nagar
नरेन्द्रनगर, टिहरी गढ़वाल

नरेंद्र नगर। गांधी एवं शास्त्री सर्वोदय सिद्धांत के अनुरूप भारत के राजनीतिक विकास के साथ यहां के सर्व- आयामी विकास के सिद्धांत निरूपक एवं नेतृत्वकारी के रूप में प्रतिस्थापित करने में सफल रहे हैं,जो कि उनकी बहु आयामी प्रतिभा और दूरदर्शिता को परिलक्षित करता है।

यह वक्तव्य प्रो आर के उभान ,प्राचार्य धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय ने गांधी के 155 वें तथा शास्त्री के 120 वें जन्म दिवस पर आयोजित संयुक्त समारोह में कॉलेज परिवार को संबोधित करते हुए व्यक्त किए ।

इससे पूर्व प्राचार्य ने प्रात 8:00 बजे कॉलेज प्रांगण में ध्वजारोहण किया इसके उपरांत गांधी एवं शास्त्री के चित्रों पर संपूर्ण महाविद्यालय परिवार में पुष्पांजलि अर्पित की।

महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर श्रद्धांजलि देते शिक्षक

इस अवसर पर शौर्य दीवार पर अंकित भारत के जांबाज रणबांकुरों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ ही उत्तराखंड के शहीदों को नमन वंदन किया गया।

कॉलेज परिवार ने इस अवसर पर लगभग आधा किलोमीटर लंबी सड़क से कंकण -पत्थरों के साथ झाड़ियां की सफाई की। सफाई कार्यक्रम का नेतृत्व स्वयं प्राचार्य प्रोफेसर उभान ने किया।

महाविद्यालय में सफाई कर स्वच्छता का संदेश देते शिक्षक

गांधी ,शास्त्री के जीवन पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में बोलते हुए डॉ विक्रम सिंह बर्त्वाल ने कहा कि गांधी- शास्त्री बहु आयामी व्यक्तित्व के धनी थे। यही कारण है कि उनके अहिंसा एवं “जय जवान ,जय किसान” के मंत्र सारस्वत सत्य के रूप में सर्वत्र आज भी अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए हैं।

डॉ विजय प्रकाश भट्ट ने शास्त्री की सादगी तथा गांधी के स्वावलंबन को वर्तमान भारत के लिए अनिवार्य बताया। डॉ यू सी मैठाणी ने कहा कि गांधी का स्वदेशी चिंतन और शास्त्री की सादगी हमें उच्च आदर्शो को अपनाने के लिए प्रेरित करता है। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी विपेन्द्र नारायण कोटियाल ने कहा कि हमें अधिकारी नहीं बल्कि सेवक के रूप में जन सेवा के कार्य करने चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने महात्मा गांधी का प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम .... गया, जिसका संपूर्ण विद्यालय ने सामूहिक स्वरों में गायन किया।

जयंती समारोह का संचालन कॉलेज समारोहक डॉ राजपाल रावत एवं छायांकन विशाल त्यागी ने किया।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापक, कर्मचारी ,छात्र विशेष रूप से मौजूद रहे कार्यक्रम का समापन मिष्ठान वितरण के साथ संपन्न हुआ।